# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

## प्रथम सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र सेट-1

| कक्षा-10 | विषय- हिंदी 'बी' | समय – 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक-40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश:-**

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

### खंड 'क' (अपठित बोध)

**निर्देश:- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1-5 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें।**

सौंदर्य की परख अनेक प्रकार से की जाती है । बाह्य सौंदर्य की परख करना, उसे समझना तथा उसकी अभिव्यक्ति करना सरल है । जब रूप के साथ चरित्र का भी स्पर्श हो जाता है तब उसमें रसास्वादन की अनुभूति भी होती है । एक वस्तु सुंदर तथा मनोहर कही जा सकती है, परंतु सुन्दर वस्तु केवल इन्द्रियों को संतुष्ट करती है, जबकि मनोहर वस्तु चित्त को भी आनंदित करती है । इस दृष्टि से कवि जयदेव का वसंत चित्रण सुन्दर है तथा कालिदास का प्रकृति वर्णन मनोहर है, क्योंकि उसमें चरित्र की प्रधानता है । 'सुन्दर' शब्द संकीर्ण है, जबकि 'मनोहर' व्यापक तथा विस्तृत है । साहित्य में साधारण वस्तु भी विशेष प्रतीत होती है तथा उसे मनोहर कहते हैं ।

01. सौंदर्य की परख कैसे की जाती है?

A. मनोहरता के आधार पर B. इन्द्रियों की संतुष्टि के आधार पर

C. रूप के आधार पर D. उपर्युक्त सभी

02. कालिदास के प्रकृति वर्णन में किसकी प्रधानता है?

A. प्रकृति B. चरित्र

C. आनंद D. इन्द्रिय

03. निम्न में से कौन-सा कथन कवि जयदेव के वसंत चित्रण के संबंध में सही है?

A. यह केवल इंद्रिय को संतुष्ट करती है B. इसमें चरित्र की प्रधानता है

C. यह चित्त को आनंदित करताहै D. इसमें रसास्वादन की अनुभूति है

04. रसास्वादन की ____________________ भी होती है । (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन करें। )

A. अनुभूति B. अभिव्यक्ति C. अनुभव D. आस्वादन

05. 'संतुष्ट' का विलोम शब्द क्या है?

A. संतुष्टि B. निसंतुष्ट C. असंतुष्ट D. कुसंतुष्ट

**निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 6-10 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

क्या करोगे अब?

समय का

जब प्यार नहीं रहा

सर्वसहा पृथ्वी का

आधार नहीं रहा

न वाणी साथ है

न पानी साथ है

न कहीं प्रकाश है स्वच्छ

जब सब कुछ मैला है आसमान

गंदगी बरसाने वाले

एक अछोर फैला है

कहीं चले जाओ

विनती नहीं है

वायु प्राणपद

आदमकद आदमी

सब जग से गायब है।

06. कवि ने धरती के बारे में क्या कहा है?

A. रत्नगर्भा B. आधारशिला C. सर्वसहा D. माँ

07. 'आदमकद आदमी' से क्या तात्पर्य है?

A. मानवीयता से भरपूर आदमी B. ऊँचे कद का आदमी

C. संपूर्ण मनुष्य D. सामान्य आदमी

08. आसमान की तुलना किससे की गई है?

A. समुद्र से B. नीली झील से C. पतंग से D. गंदगी बरसाने वाले थैले से

09. प्राणदान का क्या तात्पर्य है?

A. प्राणों को पूर्ण करने वाला B. प्राण प्रदान करने वाला

C. प्राणों को प्रणाम करने वाला D. प्राणों को छीन लेने वाला

10. कवि समय से कब और क्यों कतराना चाहते हैं?

A. किसी के पास साँस लेने का समय नहीं

B. किसी को दो क्षण बैठने का समय नहीं

C. किसी को प्यार करने का समय नहीं

D. किसी को बात करने का समय नहीं

**खंड-ख (व्याकरण)**

11. 'निडर' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

A. नि B. न C. नई D. नीड़

12. 'कालिमा' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

A. का B. लिमा C. मा D. इमा

13. 'महेश' का सही संधि-विच्छेद क्या है?

A. महो+ईश B. महा+ईश C. मही+ईश D. महि+ईश

14. निम्नलिखित शब्दों में से किसमें विसर्ग संधि है?

A. उज्ज्वल B. निश्चल C. राजेन्द्र D. दुर्गेश

15. 'गिरि+ईश' का संधि करने से कौन-सा शब्द बनेगा?

A. गिरेश B. गिरीश C. गीरिश D. गीरीश

16. 'कबूतर परेशानी में <u>इधर-उधर</u> फड़फड़ा रहे थे ।' रेखांकित पदबंध का प्रकार है:-

A. सर्वनाम पदबंध B. क्रिया पदबंध C. क्रियाविशेषण पदबंध D. विशेषण पदबंध

17. 'धनवान' का विलोम शब्द क्या है?

A. अकिंचन B. किंकर C. कंचन D. धनाढ्य

18. निम्नलिखित में से कौन-सा फूल का पर्यायवाची नहीं है?

A. सुमन B. कुसुम C. पुष्प D. तनुजा

## खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

**निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19-23 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

"सुखिया सब संसार है, खाए अरु सोवै ।

दुखिया दास कबीर है, जागै अरु रोवै ॥"

19. कबीरदास क्यों रोते हैं?

A. संसार की नश्वरता को देखकर B. संसार को परेशान देखकर

C. संसार के पापों को देखकर D. संसार में सुख-चैन समाप्त होने पर

20. साखी में 'सुखिया' व्यक्ति किसे बताया गया है?

A. परेशानी दूर करने वाला व्यक्ति B. खाने और सोने में व्यस्त संसार

C. लड़ने-झगड़ने में व्यस्त संसार D. दूसरों को दुखी देखकर प्रसन्न रहनेवाला

21. कबीरदास के अनुसार संसार के लोग कैसे हैं?

A. सांसारिक सुखों सेअलग    B. सांसारिक दुखों से अलग

C. ईश्वर की आराधना में लीन    D. सांसारिक सुखों में लीन

22. 'जागै' से क्या आशय है?

A. कभी न सोना    B. ईश्वर के प्रति सजग रहना

C. ईश्वर को जगाना    D. जागे हुए मनुष्यों को भी जगाना

23. प्रस्तुत साखी में किस बात पर बल दिया गया है?

A. यह संसार केवल सुखी और समृद्ध व्यक्तियों के पीछे भागता है।

B. यह संसार दुखी और परेशान व्यक्तियों को उनके हाल पर छोड़ देता है।

C. यह संसार भौतिक सुख-साधनों के पीछे नहीं भागताहै।

D. यह संसार भौतिक सुख-साधनों के पीछे भागता है।

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

24. 'उड़ गया, अचानक लो भूधर । फड़का अपार पारद के पर ।' प्रस्तुत पंक्तियों में 'पारद के पर' किसे कहा गया है?

A. पक्षियों के विशाल पंखों को    B. चमकीले बादलों को

C. पक्षियों को    D. विशाल झरनों को

25. जलद यान पर कौन क्रीड़ा कर रहा है?

A. आकाश    B. हरे-भरे वृक्ष    C. विशालकाय पर्वत    D. इंद्र

26. संपूर्ण पर्वतों पर बादलों के छा जाने पर निर्झर किस रूप में उपस्थित है?

A. अपनी आवाज़ के रूप में    B. हरे-भरे पत्तों के रूप में

C. शीतल, स्वच्छ जल के रूप में    D. पक्षियों के रूप में

27. 'उड़ता हुआ धुआँ' क्या है?

A. शाल वृक्षों के बुरी तरह से जल जाने का धुआँ

B. बस्तियों में आग लगने के कारण उठने वाला धुआँ

C. मनुष्यों के तेज़-तेज़ चाल में चलने के कारण उठने वाली धूल का धुआँ

D. गहरे काले बादलों की धुँध

28. 'मनुष्यता' में कवि ने भाग्यहीन किसे कहा है?

A. जो धैर्यहीन है B. जो अनाथ है C. जो सनाथ है D. जिसका कोई मित्र नहीं है

29. 'तारता हुआ तरे' का क्या आशय है?

A. हमें दूसरों की उन्नति में सहायक होते हुए अपनी उन्नति करनी चाहिए

B. हमें दूसरों को पीछे धकेलते हुए आगे बढ़ना चाहिए

C. हमें दूसरों को तैरना सिखाना चाहिए

D. हमें विपत्ति से नहीं घबराना चाहिए

30. वीर कर्ण ने दूसरों के लिए क्या दे दिया?

A. सोने का दाँत B. कवच और कुंडल

C. रथ D. धनुष-बाण

31. विश्व में कैसे लोगों की कीर्ति फैलती है?

A. जो धनवान हैं B. जो पढ़े-लिखे हैं

C. जो अवसर का लाभ उठाना जानते हैं D. जो उदारमना हैं

**निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 32-36 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

मेरे फेल होने पर मत जाओ। मेरे दरजे में आओगे, तो दाँतों पसीना आ जाएगा, जब अलजबरा और ज्योमेट्री के लोहे के चने चबाने पड़ेंगे और इंगलिस्तान का इतिहास पढ़ना पड़ेगा। बादशाहों के नाम याद रखना नहीं। आठ-आठ हेनरी हो गुज़रे हैं। कौन-सा कांड किस हेनरी के समय में हुआ, क्या यह याद कर लेना आसान समझते हो? हेनरी सातवें की जगह हेनरी आठवाँ लिखा और सब नंबर गायब। सफाचट। सिफर भी न मिलेगा, सिफ़र भी, हो किस ख्याल में। दरजनों तो जेम्स हुए हैं, दरजनों विलियम, कोड़ियों चार्ल्स। दिमाग चक्कर खाने लगता है। आँधी रोग हो जाता है। इन अभागों को नाम भी न जुड़ते थे। एक ही नाम के पीछे दोयम, सोयम, चाहरूम, पंचुम लगाते चले गए। मुझसे पूछते, तो दस लाख नाम बता देता ।

32. प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

A. बड़े भाई साहब B. डायरी का एक पन्ना

C. तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेन्द्र D. तताँरा वामिरो कथा

33.प्रस्तुत गद्यांश के द्वारा बड़े भाई ने लेखक को क्या बात बताने की कोशिश की है?

A. ऊपरी कक्षा की पढाई बहुत कठिन है B. कक्षा की पढाई बहुत आसान है

C. सपना देखना बहुत आसान है D. सपना देखना बहुत कठिन है

34. 'इन अभागों को नाम भी न जुड़ते थे । एक ही नाम के पीछे दोयम, सोयम, चाहरूम, पंचुम लगाते चले गए।' वाक्य द्वारा बड़े भाई साहब ने किस पर चोट की है?

A. शिक्षा व्यवस्था पर B. नाम रखने की परंपरा पर

C. चार्ल्स एवं जेम्स पर D. स्वयं पर

35. प्रस्तुत गद्यांश से लेखक की किस मनःस्थिति का पता चलता है?

A. खीझ B. उत्साह C. उल्लास D. हर्ष

36. 'दाँतों पसीना आना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

A. कठिन परिश्रम करना B. मज़ा आना C. दाँत का रोग D. दाँत टूटना

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विल्कल्प का चयन कीजिए ।**

37. 26 जनवरी 1931 के दिन का इतिहास में क्या महत्व है?

A. इस दिन को भारतवासियों ने दूसरे स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया था ।

B. इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था ।

C. इस दिन अंग्रेजों ने भारत की आजादी की घोषणा की थी ।

D. इस दिन भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई ।

38. सुभाष बाबू के जुलूस को कहाँ पर रोका गया?

A. सुंदरी पार्क में B. श्रद्धानंद पार्क में C. लाल बाज़ार के पास D. चौरंगी पर

39. 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में जुलूस किसने निकाला?

A. कांग्रेस सेवा दल ने B. गुजराती सेविका संघ ने

C. बड़ा बाज़ार कमेटी ने D. इनमें से कोई नहीं

40. 'डायरी का एक पन्ना' में किस नगर के कलंक धुलने की बात की गई है?

A. दिल्ली B. कोलकाता C. मुंबई D. मद्रास

*****